an>

Title: Need to give arrears of retired employees of H.E.C. company in Dhruva, Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र रांची झारखण्ड के अन्तर्गत एच.ई.सी. कम्पनी धुर्वा (झारखण्ड) में जो भारत सरकार का महत्वपूर्ण उपक्रम में आता है। पिछले कई वÂर्षों से इसी में सेवानिवृत कर्मचारियों के 1.1.1997 से 17.8.2008 तक पुनरीक्षण के एरियर भुगतान का भत्ता जो भी है, नहीं मिला है। कुछ सेवानिवृत कर्मचारी अपने चिकित्सा के अभाव में सही इलाज नहीं करा पा रहे हैं। बहुत से तो सेवानिवृत कर्मचारियों की तो चिकित्सा के अभाव में मृत्यु हो गई। एच.ई.सी. के प्रबन्धन और सरकार के प्रतिनिधियों के बीच और कर्मचारी संघ के बीच एक एग्रीमेंट भी हुआ कि शीघ्र भुगतान करेंगे, मगर अभी तक भुगतान नहीं हुआ है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से और उद्योग विभाग के मंत्री से यह आग्रह करता हूं कि सेवानिवृत जो गरीब कर्मचारी हैं, उनकी बकाये का भुगतान शीघ्र करवाया जाये। इस मामले में केन्द्र सरकार को कई बार पत्राचार भी किया है और लोक सभा में भी बराबर उठाता रहा हूं। आपसे आग्रह है कि सरकार इस बकाये के भुगतान की व्यवस्था कराये।

माननीय सभापति :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री राम टहल चौधरी के साथ सम्बद्ध होने की अनुमति प्रदान की जाती है।